भीलवाड़ा : बेटे की गला काटकर हत्या के बाद पिता ने भी आत्महत्या की

शुरुआती जांच में सामने आया कि युवक का अपनी पत्नी से विवाद चल रहा था

भीलवाड़ा, (निसं)। जिले के बड़लियास थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक रूह कंपा देने वाली वारदात सामने आई है। एक 40 वर्षीय पिता ने अपनी पत्नी से चल रहे विवाद के चलते अपने 12 साल के मासूम बेटे की गला काटकर हत्या कर दी और उसके बाद स्वयं ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को मौके से वीडियो भी मिला है, जिसमें मृतक ने अपने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

जानकारी के अनुसार, घटना शुक्रवार सुबह करीब सात बजे की है। शुरुआती जांच में सामने आया कि युवक का अपनी पत्नी से विवाद चल रहा था। इसी आक्रोश में उसने घर में रखी फसल काटने वाली दराती उठाई और चारपाई पर सो रहे अपने 12 वर्षीय बेटे पर हमला कर दिया। गला कटने से बच्चे की मौके पर ही तड़प-तड़प कर मौत हो गई। बेटे की हत्या करने के बाद पिता ने भी जान देने की कोशिश की। पुलिस जांच के मुताबिक, उसने पहले पंखे से फंदा लगाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं होने पर उसने जहर का सेवन कर लिया। पड़ोसियों की सूचना पर जब परिजन पहुंचे, तो कमरा अंदर से बंद था। दीवार फांदकर अंदर जाने पर बच्चा मृत मिला और पिता तड़प रहा था, जिसकी अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई।

जानकारी में सामने आया है कि वारदात से दो दिन पहले युवक ने एक वीडियो बनाकर व्हाट्सएप ग्रुप पर साझा किया था। इस वीडियो में उसने ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना के आरोप लगाते हुए बेटे सहित सुसाइड करने की बात कही थी। वीडियो में उसने अपनी पत्नी, 14 वर्षीय बेटे और 16 वर्षीय बेटी को भी अपनी स्थिति के लिए जिम्मेदार ठहराया था।

डीएसपी बाबूलाल बिश्नोई ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटा लिए हैं और वायरल वीडियो की भी गहनता से जांच की जा रही है।

मृतक पिता का फाइल फोटो।

- पत्नी से चल रहे विवाद के चलते फसल काटने वाली दराती से बेटे की गला काटकर हत्या कर दी और उसके बाद में स्वयं (पिता) ने भी जहर खाकर आत्महत्या कर ली
- पुलिस को मौके से एक वीडियो भी मिला है, जिसमें मृतक युवक ने अपने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं
- वीडियो में उसने अपनी पत्नी, 14 वर्षीय बेटे और 16 वर्षीय बेटी को भी अपनी स्थिति के लिए जिम्मेदार ठहराया था

घायल युवक की 11 दिन बाद मौत

डूंगरपुर, (निसं)। रामसागड़ा थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में घायल एक बाइक सवार युवक की 11 दिन के इलाज के बाद मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

रामसागड़ा थाना पुलिस के अनुसार वेड निवासी तुलसी देवी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 15 फरवरी को वह अपने पति भोगीलाल पुत्र भैरा पांडोर के साथ गामडी अहाडा से वेड लौट रही थी। झालूकुंआ रोड पर सामने से आ रही तेज रफ्तार गाड़ी के ड्राइवर मगन पुत्र छगन आमलिया निवासी महिपालपुरा ने लापरवाही से उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में भोगीलाल के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आई और वह मौके पर ही बेहोश हो गया। उसे पहले डूंगरपुर अस्पताल ले जाया गया, फिर उदयपुर और बाद में मोडासा (गुजरात) के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। आखिरकार 11 दिन तक इलाज चलने के बावजूद भोगीलाल की हालत में सुधार नहीं हुआ। 25 फरवरी को उसे डूंगरपुर लाते समय अस्पताल परिसर के पास मौत हो गई।

फरार गौवंश तस्कर गिरफ्तार

रामगंजमंडी, (निसं)। कोटा जिला ग्रामीण के सुकेत थाना पुलिस ने तीन साल से अधिक समय से फरार चल रहे अर्न्तराज्यीय गौवंश तस्कर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक कोटा ग्रामीण सुजीत शंकर ने बताया कि थाना सुकेत पुलिस ने अर्न्तराज्यीय गौवंश तस्करी में लम्बे समय से फरार चल रहे अभियुक्त शाहरूख पुत्र सराफत निवासी लोहे का पुल अमरपुरा उज्जैन थाना खाराकुआं जिला उज्जैन मध्यप्रदेश को उज्जैन शहर से डिटेन कर गिरफ्तार किया है। अभियुक्त लम्बे समय से प्रकरण में वांछित था जिसकी पुलिस को तलाश थी। अभियुक्त शाहरूख अपने कब्जे के आईसर ट्रक पर फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर उसमें करीबन 28 गौवंश गाय-बछड़े भरकर जा रहा था जो पुलिस को देखकर लखारिया कुम्भकोट के पास सुकेत क्षेत्र में अपने वाहन में गौवंश भरे हुये को छोड़कर मौके से फरार हो गया था। जिस पर सुकेत थाना में गौवंश अधिनियम में दर्ज होकर तलाश जारी की गई।

राजस्थान सरकार

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, खण्ड चूरू

ई-44 अग्रसेन नगर चूरू

E-mail: eemhchuru@yahoo.com, फोन नं. 01562-254670

क्रमांकःप.01()/चि.स्वा./ खण्ड-चूरू/2025-26/ दिनांक :

निविदा सूचना संख्या :- 26/2025-26

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, खण्ड चूरु के अन्तर्गत जिला चूरू एवं हनुमानगढ़ में उप स्वा. केन्द्रो के भवन निर्माण कार्य एवं अन्य कार्यो राशि रु. 106.00 लाख तक के कार्य के लिए निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेब साईट www.dipronline.org,http:// sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता हैं।

UBN No.
1. NRH2526WSOB02453

(इमरान खान)
अधिशाषी अभियन्ता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य खण्ड चूरू

DIPR/C/3964/2026

कार्यालय उपवन संरक्षक धौलपुर

क्रमांक :- उ.व.सं.धौ / लेखा/निविदा/2025-26/1275 दिनांक: 19.02.2026

Notice Inviting Bid

Bid for Supply and installation of modern plastic Dual desk table chair are invited from intrested bidders upto 3.00 PM, 02-03-2026. other particulars of bid may be visited on the procurement portal http://sppp.raj.nic.in or https://eproc.rajasthan.gov.in/ of the state. The Approximate Value Of Procurement is 40.00 Lakhs.

UBN NO.:- FOR2526GLRC05743

उपवन संरक्षक
धौलपुर

DIPR/C/4038/2026

प्रधानमंत्री की जनसभा से पहले अजमेर में यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता हिरासत में

अजमेर, (कासं)। शनिवार को प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा से पहले राजनीतिक माहौल गरमा गया है। जनसभा के दौरान काले झंडे दिखाने की यूथ कांग्रेस की घोषणा के बाद पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया और एहतियातन कार्रवाई करते हुए शुक्रवार सुबह कुछ कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह पुलिस टीम सुभाष नगर क्षेत्र पहुंची, जहां से यूथ कांग्रेस के नेता मोहित मल्होत्रा, सागर मीणा और अन्य कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने सभी को अपने वाहन में बैठाकर साथ ले गई। हालांकि, उन्हें किस स्थान या थाने में ले जाया गया है, इस संबंध में अभी तक आधिकारिक जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है।

हिरासत में लेने पहुंची पुलिस के सामने यूथ कांग्रेस के कई कार्यकर्ताओं ने विरोध जताया। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कार्रवाई का विरोध किया, लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस बल के चलते उनका प्रदर्शन ज्यादा देर तक प्रभावी नहीं हो सका। इसके बाद पुलिस तीनों नेताओं को वाहन में बैठाकर ले गई। बताया जा रहा है कि अजमेर जयपुर रोड व शहर सहित विभिन्न स्थानों पर यूथ कांग्रेस की ओर से प्रधानमंत्री की सभा के विरोध में पोस्टर लगाए गए हैं। इन पोस्टरों में केंद्र सरकार की नीतियों को लेकर सवाल उठाए गए और सभा के विरोध का आव्हान किया गया।

पुलिस प्रशासन का कहना है कि यह कार्रवाई कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से एहतियातन की गई है। वहीं यूथ कांग्रेस पदाधिकारियों ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन बताया है। फिलहाल शहर में स्थिति सामान्य है, लेकिन प्रधानमंत्री की प्रस्तावित जनसभा को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

- पुलिस टीम ने यूथ कांग्रेस के नेता मोहित मल्होत्रा, सागर मीणा और अन्य कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया और वाहन में बैठाकर साथ ले गई
- प्रधानमंत्री मोदी की जनसभा के दौरान काले झंडे दिखाने की यूथ कांग्रेस की घोषणा के बाद पुलिस-प्रशासन सतर्क हुआ
- पुलिस प्रशासन का कहना है कि फिलहाल शहर में स्थिति सामान्य है, लेकिन प्रधानमंत्री की प्रस्तावित जनसभा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है

हिण्डौन शहर के आबादी क्षेत्र में घुसा पैंथर, लोगों में दहशत फैली

हिण्डौन सिटी, (निसं)। हिण्डौन में शुक्रवार सुबह घनी आबादी वाले भायलापुरा इलाके में एक लैपर्ड (पैंथर) के दिखने से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। वन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है, लेकिन शाम तक पैंथर को पकड़ने में सफलता नहीं मिल पाई। शुरुआती कुछ सूचनाओं में दो लैपर्ड होने की बात कही गई थी, लेकिन आधिकारिक और प्रत्यक्षदर्शी स्त्रोतों से पुष्टि हुई है कि यह केवल एक ही लैपर्ड है।

जानकारी के अनुसार सुबह करीब 11 बजे भायलापुरा निवासी दीपक अपनी छत पर खड़े थे। उन्होंने बैठक वाले हनुमान मंदिर के पास गली में लैपर्ड को देखा और तुरंत आसपास के लोगों को सूचना दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, लैपर्ड महज तीन सैकंड में गली से निकलकर करीब 300 मीटर दूर रामद्वारा की ओर भागा और बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने स्थित एक फैब्रिकेशन/बक्सों के गोदाम में घुसकर छिप गया।

लैपर्ड की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना प्रभारी महेंद्र सिंह पुलिस टीम के साथ पहुंचे और वन विभाग को सूचित किया। करौली एसपी लोकेश सोनवाल, डीएसपी मुनेश कुमार मीना, डीएफओ सुमित कुमार, तहसीलदार रेनू चौधरी सहित कई थानों (कोतवाली, सदर, सूरौठ, श्रीमहावीरजी) से पुलिस बल बुलाया गया। करौली जिले की वन विभाग की टीम द्वारा पैंथर को नहीं पकड़ पाने के बाद दोपहर बाद अलवर के सरिस्का टाइगर रिजर्व से विशेष रेस्क्यू टीम बुलाई, जो पैंथर को पकड़ने का प्रयास कर रही है।

ड्रोन कैमरों की मदद से भी पैंथर के मूवमेंट को ट्रैक किया जा रहा है। मौके पर सैकड़ों की संख्या में लोग जमा हो गए, कई लोग लाठी-डंडे लेकर पहुंचे, जिससे स्थिति और तनावपूर्ण हो गई।

पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मौके से हटाया और लोगों से अपील की है कि वे सुरक्षित दूरी बनाए रखें तथा शोर-शराबा न करें, ताकि जानवर घबराकर हमला न करे। प्रशासन ने लोगों से अनुरोध किया है कि वे घरों के अंदर रहें, बच्चों और पशुओं को बाहर न छोड़ें तथा किसी भी संदिग्ध मूवमेंट पर तुरंत सूचना दें। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है और सफल होने पर पैंथर को सुरक्षित जंगल में छोड़ा जाएगा।

- पुलिस व वन विभाग की टीम लैपर्ड (पैंथर) के रेस्क्यू के प्रयास में जुटी है
- ड्रोन कैमरों की मदद से भी पैंथर के मूवमेंट को ट्रैक किया जा रहा है

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड-करौली

क्रमांक-4798-4816 दिनांक-18.02.2026

ई-निविदा सूचना संख्या-17/2025-26

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से विभिन्न कार्यो के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि के पंजीकृत संवेदकों जो कि राज्य सरकार के एए ए बी सी डी श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो से कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदाओं से संबंधित विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

NIB CODE- PWD2526A5759

UBN NO. 1. PWD2526WSOB23541, 2. PWD2526WSOB23545, 3. PWD2526WSOB23546

अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड करौली

DIPR/C/3989/2026

कार्यालय उप वन संरक्षक एवं उप क्षेत्र निदेशक (द्वितीय) रणथम्भौर टाईगर रिजर्व करौली

Mail ID- dcfb.kroli.forest@rajasthan.gov.in Phone No. 07464-294200

इस कार्यालय द्वारा जारी जैम पॉर्टल निविदा संख्या GEM/2026/B/7278361 एवं निविदा संख्या GEM/2026/B/7280870 द्वारा जैम पॉर्टल पर निविदा आमंत्रित की गई है। अतः इच्छुक बोलीदाता पोर्टल WWW.Sppp.rajasthan.gov.in एवं जैम पॉर्टल पर देख कर निविदाओं मे भाग ले सकते है।

क्र. सं.	कार्य का विवरण	UBN NO.	अनुमानित लागत	जारी दिनांक	जमा व खोलने की दिनांक
1.	Purchase of Secondary Sealed Cells and Batteries for Portable Application	FOR2526GSGB05911	6,00,000/-	23.02.2026	05.03.2026
2	Purchase and Installation of Solar Panel.	FOR2526GSGB05923	18,50,000/-	23.02.2026	05.03.2026

(पीयूष कुमार शर्मा)
उप वन संरक्षक एवं उप क्षेत्र निदेशक (द्वितीय)
रणथम्भौर टाईगर रिजर्व, करौली

DIPR/C/4300/2026

चोरी की वारदात का खुलासा

जोधपुर, (कासं)। देचू पुलिस ने एक चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह अंतर्राज्यीय बाछड़ा गैंग से जुड़े हैं। आरोपियों ने 143 ग्राम सोना, 2.750 किलोग्राम चांदी के आभूषण और 6.20 लाख रुपये नकद चुराए थे। यह चोरी सेतरावा निवासी श्रवणकुमार पुत्र भंवरलाल खत्री के मकान में हुई थी। अज्ञात चोर रात के समय घर में घुसकर लाखों रुपये के गहने और नकदी लेकर फरार हो गए थे।

देचू थानाप्रभारी ओमप्रकाश सुथार ने बताया कि मामले में मध्यप्रदेश के नीमच जिले के पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें बरखेड़ा, कुकड़ेश्वर (नीमच) निवासी कारूलाल बाछड़ा और सुनील पुत्र बन्नालाल मालवीय शामिल हैं। अन्य आरोपियों में मनासा (नीमच) निवासी नरेंद्र आर्य पुत्र प्रभुलाल आर्य, जैतपुरा (नीमच सिटी) निवासी सुमीत पुत्र सुरेश बाछड़ा और तलाऊ (कुकड़ेश्वर, नीमच) निवासी पप्पू करमावत उर्फ पप्पूलाल पुत्र हजारी बाछड़ा शामिल हैं। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया।

पाकिस्तान से ही भेजे गये थे ड्रोन से पिस्टल-कारतूस

बीकानेर, (निसं)। भारत-पाक सीमा से सटे बीकानेर जिले के खाजूवाला थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत 14 बीडी के चक 24 केएनडी में एक किसान के खेत से बीएसएफ को ड्रोन और हथियारों की खेप मिली। एक किसान के खेत से बीएसएफ के सर्च में 5 पिस्टल और 325 कारतूस बरामद हुए हैं। यह खेप 8 पैकेट में मिली है।

जानकारी के अनुसार पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए भारी मात्रा में हथियार और कारतूस भारतीय सीमा में भेजे गए। सुरक्षा एजेंसियों ने मौके से मेड इन चाइना 5 पिस्टल और करीब 325 कारतूस जब्त किए हैं। एक ड्रोन भी बरामद किया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि ड्रोन का वजन ही करीब सत्रह किलो के आसपास है। हथियार पाकिस्तान से ही भेजे गए हैं, ये स्पष्ट हो गया है। कार्रवाई में सीमा सुरक्षा बल और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम शामिल रही। खाजूवाला सीओ अमरजीत चावला, थाना प्रभारी प्रशिक्षु आरपीएस रोहित चौधरी सहित बीएसएफ की जी ब्रांच के अधिकारी मौके पर पहुंचे।

खाजूवाला थाने के थानाधिकारी रोहित चौधरी ने बताया कि हमें मौके से एक ड्रोन और कुछ पैकेट्स मिले हैं। इन पैकेट्स में पिस्टल और भारी मात्रा में कारतूस हैं। पूरे मामले की जांच जारी है। फिलहाल खाजूवाला पुलिस और बीएसएफ की ओर से संयुक्त रूप से सर्च अभियान चलाया जा रहा है। सुरक्षा एजेंसियां इस एंगल से भी जांच कर रही हैं कि हथियारों की यह खेप किसके लिए भेजी गई थी और इसके पीछे कौन सा नेटवर्क सक्रिय है। राजस्थान में सुरक्षा एजेंसियों ने पांच महीने पहले पाकिस्तान बॉर्डर पर ड्रोन से नशे की अवैध तस्करी पकड़ने के बाद हथियार डिलीवरी होने का खतरा जताया था।

पाकिस्तान-राजस्थान का बॉर्डर एक हजार किलोमीटर से ज्यादा लंबा है। यहां पिछले कुछ साल में एंजेसियों ने 60 से ज्यादा ड्रोन पकड़े और नशे का सामान रिकवर किया था। राजस्थान के पाकिस्तान से सटे लंबे बॉर्डर और रेगिस्तान के कारण हथियार और ड्रग डिलीवरी में ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है। यह भी जानकारी दी कि ड्रोन की क्वालिटी और पावर में भी बदल रहा है। एजेंसियों ने बताया था कि ड्रोन अब 15 किलो तक का लोड उठाकर ला रहे हैं।

तत्कालीन आईजी एटीएस विकास कुमार ने बताया था कि पिछले तीन साल में राजस्थान ड्रोन से ड्रग तस्करी एक बड़ा क्षेत्र बन गया है।

- बीकानेर जिले के खाजूवाला थाना क्षेत्र में किसान के खेत से बीएसएफ के सर्च में मेड इन चाइना 5 पिस्टल और 325 कारतूस बरामद किये
- सुरक्षा एजेंसियां इस एंगल से भी जांच कर रही हैं कि हथियारों की यह खेप किसके लिए भेजी गई थी

अफीम व स्मैक की आरोपी महिला को तीन साल की सजा

जोधपुर, (कासं)। एनडीपीएस न्यायालय जोधपुर के विशिष्ट न्यायाधीश मधुसूदन मिश्रा ने 13 साल पुराने अवैध मादक पदार्थ अफीम एवं स्मैक के मामले में फैसला सुनाते हुए आरोपी महिला को तीन वर्ष का कठोर कारावास और 50 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

गोविन्द जोशी विशिष्ट लोक अभियोजक एनडीपीएस जोधपुर ने बताया कि 10 फरवरी 2013 को पुलिस थाना पीपाड़ शहर के तत्कालीन थानाधिकारी ओमप्रकाश उज्जवल ने गांव कोसाना में घर के गेट पर खड़ी संतोष देवी पत्नी अमराराम के हाथ में पकड़ी गई थैली से 590 ग्राम अफीम बरामद की थी। इसके अलावा घर में रखे पीपे में से चार अलग-अलग थैलियों में से 3.210 किलोग्राम अफीम, 1454 ग्राम स्मैक पाउडर, 171 ग्राम साबूत स्मैक और 50 ग्राम सफेद पाउडर कैफ़ीन बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया था तथा बाद अनुसंधान आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया।

गोविन्द जोशी विशिष्ट लोक अभियोजक एनडीपीएस जोधपुर ने न्यायालय से वर्तमान में अवैध मादक पदार्थों के मामलों में उतरोतर वृद्धि होने, अवैध मादक पदार्थों से युवाओं का भविष्य बर्बाद होने से यह अपराध गंभीर किस्म की प्रकृति के अपराध होने और उसका समाज में प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की वजह से आरोपी महिला को कठोरतम सजा देने की मांग की, जबकि आरोपी ने नरमी बरतने का आग्रह किया।

विशिष्ट न्यायालय एनडीपीएस जोधपुर के विशिष्ट न्यायाधीश मधुसूदन मिश्रा ने अभियोजन पक्ष की ओर से प्रस्तुत 19 गवाह, 33 दस्तावेजी साक्ष्य और 13 आर्टिकल के आधार पर अभियुक्त संतोष देवी पत्नी अमराराम निवासी कोसांना पीपाड़ शहर, जोधपुर को अवैध मादक पदार्थ अफीम रखने के आरोप में दोषी ठहराते हुए 3 वर्ष का कठोर कारावास व 50 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है।

- कोर्ट ने आरोपी महिला को 50 हजार रुपए जुर्माने की सजा भी सुनाई

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सा. नि. वि. जिला खण्ड इटावा

क्रमांकः 1590 दिनांक :- 18/2/2026

निविदा सूचना संख्या 27/2025-26

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से भवन एवं सड़क निर्माण कार्यके लिये उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के एए, ए बी, सी, डी श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो. से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जायेंगी। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.dipronline.org व http://www.pwd.rajasthan.gov.in http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा अपलोड करने की तारीख 05.3.2026 को 06:00 बजे तक।

UBN No. 1. PWD2526WSOB23642, 2. PWD2526WSOB23644, 3. PWD2526WSOB23646
4. PWD2526WSOB23647, 5. PWD2526WSOB23648, 6. PWD2526WSOB23649
7. PWD2526WSOB23650, 8. PWD2526WSOB23651, 9. PWD2526WSOB23653
10. PWD2526WSOB23654, 11. PWD2526WSOB23656, 12. PWD2526WSOB23657
13. PWD2526WSOB23658, 14. PWD2526WSOB23659, 15. PWD2526WSOB23660
16. PWD2526WSOB23662, 17. PWD2526WSOB23664, 18. PWD2526WSOB23665
19. PWD2526WSOB23667

(हेमराज चौधरी)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. जिला खण्ड इटावा

DIPR/C/4064/2026

कार्यालय कमाण्डेंट, राज्य आपदा प्रतिसाद बल, जयपुर

टेलीफोन नं. 0141-2759903, ईमेल-comdt.sdrf@rajpolice.gov.in/comdtt.sdrf.raj.jpr@gmail.com

क्रमांकः- एसडीआरएफ / क्यू/2026/ दिनांक :

ई-बोली आमंत्रण सूचना- 03/2025-26

Inflatable Rubber/PVC Boat with OBM के प्रदाय (supply) हेतु ई-बोली (e-Bid) आमंत्रित की जाती है। उक्त उपकरण हेतु बोली दस्तावेजों को दिनांक 17.02.2026 को सांय 06.00 बजे से वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan. gov.in से डाउनलोड प्रारम्भ किया जा सकेगा। ई-बोली दिनांक 09.03.2026 को सांय 06.00 बजे तक निर्धारित दस्तावेजों के साथ इलेक्ट्रॉनिक फॉरमेट में उक्त वेबसाईट पर प्रस्तुत की जा सकेगी तथा दिनांक 10.03.2026 को प्रातः 09.30 बजे तक चालान (प्रति संलग्न की जानी है) नगद या बैंकर चैक या मांगदेय ड्राफ्ट या बैंक गारन्टी या ई-ग्रास या इंश्योरेंस श्योरिटी बॉन्ड या एफडीआर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में भौतिक रूप से प्रस्तुत किये जाना आवश्यक है। E-Procurement पर प्राप्त बिड दिनांक 10.03.2026 को दोपहरः 02.00 पी.एम तक खोली जानी प्रस्तावित है। विस्तृत बोली आमंत्रण सूचना, बोली की मुख्य शर्तों एवं तत्सम्बंधी अन्य विवरण को वैबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in अथवा विभागीय वैबसाईटhttp://www.police.rajasthan. gov.in अथवा राजस्थान सरकार के राज्य लोक उपापन Procurement पोर्टल (http://sppp.raj.nic.in) पर देखा जा सकता है:-

NIB CODE:- SDF2526A0012
UBNNO: SDF2526GLOB00042

(राजेन्द्र सिंह सिसोदिया) कमाण्डेंट,
राज्य आपदा प्रतिसाद बल,
राजस्थान जयपुर।

DIPR/C/4042/2026

कोटा में चाकूबाजी में चार कोचिंग छात्र घायल

कोटा, (निसं)। कुन्हाड़ी थाना इलाके में गुरूवार रात्रि को कोचिंग छात्र के एक ग्रुप ने दो अलग-अलग जगहों पर चाकू से हमला कर चार कोचिंग छात्रों को घायल कर दिया। पुलिस ने मामला सामने आने पर हमलावर छात्रों में से दो छात्रों को राउंड-अप कर लिया है, बाकि हमलावरों की तलाश जारी है। मामले में सामने आया कि छात्रों व हमलावर छात्रों में कोई रंजिश नहीं थी, मात्र कमेंट को लेकर टोकने के विवाद पर हमलावरो ने दो अलग-अलग जगहों पर दो-दो कोचिंग छात्रों को चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित छात्रों ने इसकी शिकायत कुन्हाड़ी थाने में दर्ज कराई है।

युवक की बजरी भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से मौत, एक घायल

माण्डलगढ़, (निसं)। बीगोद थाना क्षेत्र के जोजवा गांव में टेक्सटाइल फैक्टरी में जा रहे बाइक सवार दो श्रमिक युवक खड़े होकर बातचीत कर रहे थे। इस दौरान श्रमिकों को पीछे से आए बजरी भरी अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्रॉली ने मार दी। हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौक़े पर ही मौत हो गई और एक अन्य युवक गम्भीर घायल हो गया। सूचना पर बीगोद थाना पुलिस मौक़े पर पहुंची।

जानकारी के मुताबिक शुक्रवार सुबह श्री जोजवा श्याम गौशाला जोजवा के पास एक ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से एक बाइक सवार की मौत हो गई। वहीं एक युवक गम्भीर घायल हो गया। हादसे के बाद मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने एकत्रित होकर आक्रोश जताया और मृतक के परिजनों को मुआवजा दिलाने व हादसा कारित करने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। सूचना पर बीगोद थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और शव को सामुदायिक चिकित्सालय बीगोद में लाकर मोर्चरी में रखवाया। गंभीर घायल युवक का बीगोद में उपचार करा कर भीलवाड़ा जिला चिकित्सालय रेफर किया गया।

थाना प्रभारी जय सुल्तान के अनुसार श्री जोजवा श्याम गौशाला जोजवा के पास प्रातः माण्डलगढ़ में स्थित एक टेक्सटाइल फैक्टरी जा रहे बाइक सवार जोजवा निवासी उदय सिंह (27) पिता शिव सिंह कानावत की ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से मौके पर ही मौत हो गई। बाइक पर सवार अन्य दीपक (22) पिता गोपाल सिंह निवासी जोजवा गंभीर घायल हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली में बजरी भरी हुई थी। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली से बजरी खाली कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को डिटेन किया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

हादसे के बाद मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने आक्रोश जताकर प्रदर्शन किया और मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता की माँग की।उधर श्री क्षत्रिय करणी सेना जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह खाचरोल, बृजपाल सिंह, अमरतिया, महिपाल सिंह अमरतिया, विक्रम सिंह सोनियाना, रामलाल मीणा, राजेंद्र सिंह सहित श्रमिक यूनियन ने टेक्सटाइल फैक्टरी के बाहर प्रदर्शन कर गरीब परिवार के मृतक के परिजनों को मुआवजे की मांग की। फैक्टरी प्रबंधन और भामाशाहों ने मृतक के परिजनों व घायल श्रमिक युवक को आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।

- माण्डलगढ़ के बीगोद थाना क्षेत्र के जोजवा गांव में बनास नदी से अवैध बजरी भरकर सड़क पर तेज रफ्तार से जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली से हुआ हादसा
- हादसे के बाद मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया और मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता की मांग की

बुजुर्ग की मौत

डूंगरपुर, (निसं)। कोतवाली थाना इलाके के कलाल घाटा गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। बंद पड़ी 20 फीट गहरी खदान में हुरमा (60) गिर गया। करीब तीन फीट तक मलबा उसके ऊपर गिरा और अंदर दब गया। घटना के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने मलबा हटाकर बाहर निकाला, लेकिन बुजुर्ग की मौत हो गई थी। बुजुर्ग बकरियां चराने गया था और इसी दौरान हादसा हुआ। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

राजस्थान सरकार

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग,

प्रथम तल, स्वास्थ्य भवन, भीनमाल रोड़, जालोर

क्रमांक : अ.अ./चि.एव.स्वा/2025-26/4142-53 दिनांक : 19.02.2026

ई-निविदा सूचना संख्या 36/2025-26

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से इस खण्ड के अन्तर्गत विभिन्न चिकित्सालयों पर रू. 201.68 लाख का 17 विद्युत कार्यों हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार / केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग/रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्माण कार्य हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई-टेन्डिरिंग प्रक्रिया ऑन लाईन निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधी विवरण डीआईपीआर की वैबसाईट WWW.dipronline.org, http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वैबसाईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता है। NIB No. MHS2526A4762

1	MHS2526WSOB06689	2	MHS2526WSOB06690	3	MHS2526WSOB06691
4	MHS2526WSOB06692	5	MHS2526WSOB06693	6	MHS2526WSOB06694
7	MHS2526WSOB06695	8	MHS2526WSOB06697	9	MHS2526WSOB06698
10	MHS2526WSOB06699	11	MHS2526WSOB06700	12	MHS2526WSOB06701
13	MHS2526WSOB06702	14	MHS2526WSOB06703	15	MHS2526WSOB06704
16	MHS2526WSOB06705	17	MHS2526WSOB06706		

(राम कुमार कुर्डिया)
अधिशाषी अभियंता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, जालोर

DIPR/C/3983/2026

Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd.,JAIPUR

No.NIT/2025-26/39569-81 **निविदा सूचना/2025-26** Date:26.02.2026

निम्नलिखित कार्यों के लिए केन्द्र/राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों एवं उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत